Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding operation of flight services from Satna Airport and allotment of money to modernise the same.

श्री गणेश सिंह (सतना): धन्यवाद, माननीय सभापति महोदय ।

मेरा लोक सभा क्षेत्र सतना, मध्य प्रदेश में सीमेंट उद्योग, धार्मिक पर्यटन तथा राष्ट्रीय उद्यानों का क्षेत्र है, जहाँ लाखों सैलानी आते हैं, किन्तु हवाई परिचालन न होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है । सतना हवाई अड्डा, जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी ने देसी हवाई उड़ान सेवा के तहत चिह्नित किया है और यह एयरपोर्ट अथॉरिटी की प्रॉपर्टी है, जिसकी लम्बाई 1850 मीटर और चौड़ाई 45 मीटर से अधिक है । किन्तु, अभी तक यहाँ से कोई भी हवाई परिचालन नहीं हो पाया है । मंत्रालय का कहना है कि कोई बिडर नहीं आ रहे हैं । मेरी मांग है कि सतना हवाई अड्डे से हवाई सेवाएं शुरू की जाए तथा एयरपोर्ट की आधुनिक बनाने हेतु पूर्व निर्धारित सौ करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी जाएं । इसके साथ ही यह भी कहना चाहता हूँ कि हवाई अड्डे की जमीन पर बड़ी मात्रा में अतिक्रमण हो गया है, उसे हटाया जाए तथा उसका सीमांकन कराया जाए ।

धन्यवाद ।